# परकोटे समेत आधे जयपुर में झमाझम बारिश, बाकी जगह गर्मी-उमस छाई

## परकोटे के बरामदों में पानी घुसा, नाला सफाई की पोल खुली





बुधवार दोपहर को तेज बारिश के बाद अजमेर एलिवेटेड रोड से पहले हथरोई में सड़क पर पानी भर गया, जहां बच्चे अठखेलियां करते दिखे। दूसरी तरफ चांदपोल बाजार के बरामदों में बारिश का पानी घुसने से व्यापारी और वहां खरीददारी करने आए लोग परेशान होते नजर आए। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बुधवार को मौसम के दो रूप देखने को मिले। जयपुर परकोटे, एम.आई.रोड, 22 गोदाम, अजमेर पुलिया के पास हथरोई, विद्याधर नगर और मुरलीपुरा समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश का दौर चला। यहां देखते ही देखते सड़कें दरिया बनकर बहती नजर आई। परकोटे के चांदपोल बाजार और छोटी-बड़ी चौपड़ पर बाजारों में बने बरामदों और दुकानों में बारिश का पानी तक घुस गया।

दूसरी तरफ कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, प्रताप नगर, मानसरोवर और आगरा रोड समेत आधा शहर सूखा रहा। यहां सिर्फ बूंदाबांदी हुई। हालांकि अलसुबह से शहर के आसमां पर काले

■ **अजमेर पुलिया और एम.आई.रोड पर भी दरिया बनी दिखी सड़क**

घने मेघों ने डेरा डाल रखा था, लेकिन आधे शहर में झमाझम बारिश हुई, जबकि बाकी आधे शहर में लोग गर्मी और उमस से परेशान होते रहे। तेज बारिश ने नगर निगम की नाला सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी। चांदपोल बाजार में जब दुकानों और बरामदों में बारिश का पानी घुसा तो लोग नगर निगम के अधिकारियों को कोसते नजर आए। बारिश के कारण कई दुकानों में रखा सामान खराब हो गया। व्यापारी और उनके सहयोगी कर्मचारी बारिश का पानी दुकानों में घुसने से रोकने की जद्दोजहद करते दिखे।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आंध्रप्रदेश-उडीसा तट पर बंगाल की खाड़ी में एक वेलमार्क लो-प्रेशर एरिया बना हुआ है। मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा से होकर गुजर रही है। जयपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग में मानसून सक्रिय रहने और अधिकांश भागों में हल्की मध्यम बारिश व कहीं-कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना है। जोधपुर, उदयपुर व कोटा संभाग के भी कुछ भागों में हल्के से मध्यम बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग की मानें तो 27 जुलाई को भी दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने से हल्की-मध्यम बारिश व कोटा, उदयपुर, जयपुर संभाग में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद 28 जुलाई को भी बारिश की गतिविधियां भरतपुर, जयपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में जारी रहने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर बनास नदी में पानी का बहाव तेज होने से अब जयपुर की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले 24 घंटे में बांध का जलस्तर तीन सेंटीमीटर बढ़कर 313.59 आरएल मीटर तक पहुंच गया है। हालांकि अब भी बांध छलकने से 1.90 मीटर दूर है। त्रिवेणी में पानी का बहाव 3.20 मीटर रिकॉर्ड किया गया है।

# सरकार की वादाखिलाफी से नाराज राज्य कर्मचारी शुरू करेंगे आंदोलन

**जयपुर**। कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में राज्य कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदेश के राज्य कर्मचारी 2 अगस्त से प्रदेश व्यापी आंदोलन का आगाज करेंगे। यह जानकारी अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रदेश महासमिति की बैठक में दी। राठौड़ ने बताया कि आन्दोलन के प्रथम चरण में 2 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने-प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन सौंपे जाएंगे। दूसरे चरण में 11 अगस्त को जयपुर में एक प्रदेशव्यापी रैली का आयोजन किया जाएगा।

राठौड़ ने कहा कि सरकार ने जन घोषणा पत्र 2018 में राज्य कर्मचारियों से वेतन विसंगतियों को दूर करने का वादा किया था। लेकिन आज तक अपने उस वादे को पूरा नहीं किया है। जबकि वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए डी.सी.सामंत की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति निवारण समिति और खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट सरकार के पास है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से कर्मचारी हित में वेतन संशोधन की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करने की मांग की है।

राठौड़ ने आगे बताया कि घोषणापत्र में संविदा कर्मियों सहित अन्य सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने का भी वादा किया गया था। लेकिन इस वादे को भी सरकार ने पूरा नहीं किया है। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने संविदा

■ **2 अगस्त को जिलों में प्रदर्शन और 11 अगस्त को प्रदेश व्यापी रैली होगी**

कर्मचारियों का नियमितीकरण करने के बजाय संविदाकरण कर दिया है। उन्होंने नेशनल हेल्थ मिशन के कर्मचारियों का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी योग्यता व कार्य समान होते हुए भी इनके मानदेय में बड़ा अंतर है। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने अब तक जिन संविदा कर्मियों को नियमित करने की कार्यवाही की है। उनके वेतनमान भी नियमित कर्मचारियों के वेतनमानों से काफी कम है। इससे संविदा कर्मियों में काफी आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि चयनित वेतनमान (एसीपी) का परिलाभ 9, 18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16 , 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नित पद के समान दिया जावे। तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण खोले जाए तथा सभी कर्मचारियों के लिए एक स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाई जाए। अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढ़ाकर सेवानिवृत्ति तक जोड़ने के आदेश जारी किए जाएं।

अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग को सचिवालय कर्मियों के समान पदोन्नित एवं वेतन भत्ते दिए जावे तथा द्वितीय पदोन्नित ग्रेड पे 4200 पर सुनिश्चित की जावे। निविदा एवं संविदा पर लगे कार्मिकों का न्यूनतम पारिश्रमिक 18000 तय किया जाए तथा बजट घोषणा 2023 के अनुसार ठेका प्रथा समाप्त कर राज्य के सभी निविदा/ ठेका एवं प्लेसमेंट एजेंसियों के मार्फत लगे कार्मिकों को आर एल एस डी सी के माध्यम से सीधे वेतन देने के आदेश प्रदान किए जावें। राजस्थान परिवहन निगम को सरकार के विभाग के रूप में समाहित किया जावे। एमटीएस का पद सृजित कर सहायक कर्मचारियों को उसमें समायोजित किया जावे तथा इनका प्रारंभिक वेतन 18000 निर्धारित किया जावे। सत्र 2009-10 से पातेय वेतन पर पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक ग्रेड सेकंड को ऐडहॉक प्रमोशन की दिनांक से नियमित पदोन्नित सुनिश्चित की जावे। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद जेल कर्मियों ने अपने वेतन संशोधन के आंदोलन को स्थगित कर दिया था। अतः वार्ता में लिए गए निर्णय की पालना सुनिश्चित की जावे। पेंशनरों को 75 और 80 वर्ष पर 10-10 प्रतिशत पेंशन वृद्धि के स्थान पर 65,70,75 व 80 वर्ष पर क्रमशः 5-5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि के आदेश जारी किए जावें।

प्रदेश महासमिति की बैठक को कुलदीप यादव, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भंवर सिंह धीरावत, उमेश शर्मा, विनोद कुमार सिद्धा, मदन सिंह राठौड़, राजेंद्र कुमार शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, सुरेश नारायण शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, धर्मपाल चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, महेश कुमार शर्मा, प्रहलादराय अग्रवाल, महेंद्र सिंह राजावत, कांति कुमार शर्मा, तेज प्रकाश चतुर्वेदी एवं छोटे लाल मीणा, राधेश्याम मेघवाल, मोहनलाल शर्मा, विजय सिंह, अजीत सिंह शेखावत, नाथूसिंह गुर्जर, प्रेम सिंह, बहादुर सिंह राठौड़, राजेश पारीक ने भी संबोधित किया।

## चेन स्नैचर पकड़ा

**जयपुर**। झोटवाड़ा पुलिस ने महिलाओं के गले से चेन तोड़ने वाले एक शातिर चेन स्नैचर को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से तोडी गई चैन भी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस ने महिलाओं के गले से चेन तोड़ने वाले शातिर चेन स्नैचर सोनू विश्वकर्मा निवासी युवराज कॉलोनी विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से तोडी गई चैन भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका है।

## सार-समाचार

### सरकारी गाइड्स का जयपुर में धरना



**जयपुर**। राजस्थान के तमाम जिलों से जयपुर पहुंचे सरकारी गाइड्स ने एम.आई.रोड स्थित शहीद समारक पर धरना देकर विरोध जताया। उनकी मांग थी कि सरकार कार्मिक विभाग का आदेश जारी कर कार्मिकों को स्थाई नियुक्ति दे। इस विरोध-प्रदर्शन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के करीब 700 से 800 की पर्यटन गाइड्स शामिल हुए। इन्होंने मांग उठाई कि जब सभी विभागों में भर्ती के साथ नियुक्ति प्रदान की जाती है तो फिर पर्यटक विभाग में ही भेदभाव क्यों है। सभी चयनित सरकारी गाइडों ने परीक्षा पास करने के उपरांत सभी तरह की प्रक्रिया जैसे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, पुलिस वेरिफिकेशन, ट्रेनिंग ली। इसके बावजूद आज तक उन्हें सरकारी पद नहीं मिला है। धरने के दौरान सीएमओ एवं शासन सचिवालय में वार्ता हुई, जहां आश्वास्त किया गया कि पर्यटन विभाग के अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल की बैठक करवाई जायेगी, जिसमें सरकारी गाइड्स का भविष्य तय किया जाएगा।

### मालिक की बेटी से किया दुष्कर्म

**जयपुर**। नाहरगढ़ इलाके में एक नौकर द्वारा मालिक की बेटी की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 19 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि पिता के पास साबिर नाम का लड़का काम करता था। आरोप है जनवरी 2020 में साबिर ने दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगा। दिसंबर 2022 में वह बिहार ले गया गया। इसके बाद गाजियाबाद में बिना इच्छा के निकाह कर भट्टाबस्ती स्थित अपने मकान पर ले आया। यहां बंधक बना कर देहशोषण करता रहा। 22 जुलाई को पीड़िता मौका मिलने पर घर से भाग कर आ गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### नाबालिग छात्रा से होटल में दुष्कर्म

**जयपुर**। मुरलीपुरा इलाके में एक नाबालिग छात्रा से होटल में रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि उसकी 17 वर्षीया बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप है 30 जून को रिंकू शर्मा उसे घुमाने की कह कर रेल्वे स्टेशन के पास अग्रवाल होटल में ले गया, जहां रात में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। रिंकू ने घटना के अश्लील वीडियो बना लिए। अब वह लगातार ब्लैकमेल कर बेटी को तंग कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# हथियारों की तस्करी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 6 पिस्टल, 4 मैग्जीन और दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। पुलिस पकड़े हुए आरोपियों से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटा रही है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमित मण्डा प्रागपुरा, अमित उर्फ पहलवान कोटकासिम अलवर और धर्मेन्द्र उर्फ लाला प्रागपुरा जयपुर ग्रामीण का रहने वाला हैं। पुलिस पूछताछ में अमित पहलवान ने बताया कि वह खारगोन मध्यप्रदेश से सूर्या भाई नाम के व्यक्ति से व्हाट्सएप कॉल कर तीनों ने 8 पिस्टल, 4 मैंग्जीन 1 लाख 20 हजार रुपए में खरीदी थी। जिनमें दो पिस्टल हनी सूरतगढ़ गंगानगर को दे दिया।

■ **आरोपियों के कब्जे से 6 पिस्टल, चार मैगजीन और दो कारतूस बरामद**



पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने बुधवार को तीन बदमाशों को हथियार समेत गिरफ्तार किया।

एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी गाड़ी के शीशे तोड़ने की वारदात में जेल जा चुकी है। आरोपी अमित मण्डा ने बताया कि उसकी दुश्मनी प्रदीप कोटपुतली से चल रही है। उससे रंजिश निकालने के लिए वह पिस्टल लेकर आए थे। आरोपित के खिलाफ एक दर्जन प्रकरण हत्या का प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सूर्या भाई कौन है और वह हथियारों की तस्करी किसके लिए करता है। इस पूरे मामले में सीएसटी के पुलिस निरीक्षक मांगीलाल विश्नोई एसआई पुरूषोतम के नेतृत्व में टीम गठित की थी। इस प्रकरण के खुलासे में कांस्टेबल रामावतार और अजयपाल और पवन की भूमिका रही।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने गाए सुरों के नगमे

**जयपुर**। मानसिक दिव्यांग बच्चो का पालन पोषण करना, उनके अभिभावकों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस वजह से अभिभावक निरंतर क्रोध, निराशा और अवसाद से पीड़ित रहते है और नकारात्मकता उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाती है। कहते है प्रसन्नता और निराशा के बीच सिर्फ एक विचार का अंतर होता है। कुछ ऐसा ही अद्भुत विचार जयपुर में रहने वाले मानसिक दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों को आया और निर्माण हुआ मैजिकल मेलोडीज क्लब का। संगीत के माध्यम से सभी अभिभावक माह में एक बार स्वयं के लिए कुछ वक़्त निकालते है और सभी मिलकर गायन और नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियों से जीवन में आनंद का संचार करते है। क्लब के सदस्यों ने महान गायक मुकेश को उनकी 100वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए उनके गीतों को प्रस्तुत किया। क्लब के कलाकारों कुलदीप पंवार, रीना पंवार, रेवा सुदीप, सुदीप सुरेश, गरिमा श्रीवास्तव, राजकुमार भारद्वाज, संजय पुरोहित, निशा पुरोहित, पंकज भंडारी व् कीर्ति भंडारी ने मुकेश के बेहतरीन नगमो को प्रस्तुत किया।

# पं. सलिल भट्ट ने सजाए सात्विक वीणा पर सुर

■ **दो दिवसीय पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह में आज पं.अरविंद आजाद का तबला वादन और ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्म भूषण पं. विश्वमोहन भट्ट की मोहनवीणा साज पर प्रस्तुति खास रहेगी।**

**जयपुर**। देश-दुनिया के मशहूर फनकार तंत्री सम्राट पं.सलिल भट्ट ने अपनी सात्विक वीणा साज पर सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। उन्होंने राग जोग का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया। यहां होटल क्लार्क्स आमेर के कंचन हॉल में शुरू हुए दो दिवसीय पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह के पहले दिन बुधवार को पं.सलिल भट्ट के सात्विक वीणा वादन के साथ संगीत के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड व पं.मनमोहन भट्ट स्मृति अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। सात्विक वीणा के रचयिता फनकार पं.सलिल भट्ट ने अपनी डेजर्ट स्टॉर्म प्रस्तुति में चार संगत तबला नवाजों को शामिल किया जो संगीतप्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। अमूमन एक ही तबला वादक को संगत करते देखा गया है। पं.सलिल भट्ट ने सुरों के खूबसूरत लगाव से खासा मुतास्सिर किया। संगत कलकारों में हिमांशु महंत, महेन्द्र शंकर डांगी, कौशिक कांवर और मानवेन्द्र डांगी ने असरदार संगत से कार्यक्रम में उत्सवी सुरूर भरा। कार्यक्रम में पं.संतोष कुमार नाहर ने बेला वादन और अशोक जामनानी ने अनूठी कविताओं का पाठ किया। तमाम अवॉर्ड्स ग्रैमी अवार्ड विनर पद्मभूषण पं.विश्वमोहन भट्ट ने प्रदान किए। इनमें ध्रुवपद गायिका डॉ.मधु भट्ट तैलंग, प्रदीप शर्मा, पं. संतोष कुमार नाहर, विद्वान डॉ.कलानाथ शास्त्री को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और मनीष सिंह ठाकुर, जीतेन्द्र शर्मा, शुभ्रा बोहरा, कौशिक कोंवर को पं.मनमोहन भट्ट स्मृति अवॉर्ड प्रदान किया गया।

दो दिवसीय पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह के दूसरे दिन पं.अरविंद आजाद का तबला वादन और ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्म भूषण पं. विश्वमोहन भट्ट की मोहनवीणा साज पर प्रस्तुति खास रहेगी।

# अस्पताल में पहुंचने वाला हर चौथा मरीज 'आई फ्लू' पीड़ित

## जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में 70 से 80 फीसदी मरीज 'आई फ्लू' के पहुंच रहे हैं

**जयपुर, (कासं)**। प्रदेशभर में बारिश के कारण नमी बढ़ने से आंखों में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। इसके कारण राज्य के लगभग सभी अस्पतालों में वायरल कंजेक्टिवाइटिस यानि आई फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले पांच दिनों में यह संक्रमण इतनी तेजी से फैला है कि अब अस्पताल में आने वाला हर चौथा मरीज आई फ्लू से पीड़ित है। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में 70 से 80 फीसदी मरीज आई फ्लू के पहुंच रहे हैं।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संबंध सभी अस्पतालों में आखों में इंफेक्शन के मरीज बडी तादाद में आ रहे हैं। अकेले एसएमएस अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में आने वाले कुल मरीजों में से 70 से 80 फीसदी आई फ्लू के हैं। इसके अलावा शहर के जयपुरिया और गणगौरी अस्पताल के अलावा अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में आई फ्लू के केस बढ़ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस बार आई फ्लू वायरस नए म्यूटेंट के साथ इस बीमारी को बढ़ा रहा है, हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि इससे डरने अथवा चिंता करने की जरूरत नहीं, कुछ प्रीकॉशन रखे जाएं तो इससे बचा जा सकता है। फ्लू होने पर भी कुछ सावधानी रखते हुए चिकित्सक को दिखाकर इलाज लेने से मरीज जल्द ठीक हो सकता है। वहीं ऐतियात बरतकर घर के अन्य लोगों को भी इससे सुरक्षित रखा जा सकता है।

■ **चिकित्सकों ने सावधानी बरतने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि ये संक्रमण हवा से या देखने से नहीं फैलता है।**

### नमी से बढ रहा वायरस

आई फ्लू इन दिनों मौसम में नमी के कारण तेजी से फैल रहा है। यह एडीनो वायरस है, जो मानसून के मौसम में जल्द बढता है। संक्रमित होने के बाद आंख में सूजन, पानी गिरना, आंख लाल होना, सुबह आंखों की पलक का चिपकना, पानी आना, खुजली चलना व दर्द होने जैसे लक्षण दिखाई पडते हैं। इसके अलावा पलकों में सूजन भी आ जाती है। यह वायरस आंख की झिल्ली को संक्रमित करता है। इससे मरीज को लगता है कि आंख में धूल के कण या मिट्टी जैसा कुछ चला गया है। ऐसे में लोग आंख को मसलते रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। कई बार आंख में जो सूजन आती है, उसकी वजह से दाने भी बन जाते हैं, जो चुभते हैं।

### संक्रमित हाथों से फैलता है फ्लू

आई फ्लू संक्रमित मरीज को देखने या हवा से नहीं फैलता है। इसका माध्यम हैंड फोमाइट्स या संक्रमित हाथों का टच करना है। संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, उसका मोबाइल लेने, उसके इस्तेमाल किए गए कपड़ों, टॉवल आदि का इस्तेमाल करने से यह वायरस फैलता है।

### बच्चों में असर ज्यादा

ये संक्रमण इन दिनों सबसे ज्यादा बच्चों में पाया जा रहा है। ऐसे में किसी बच्चे को आंखों में संक्रमण हो तो उसे स्कूल भेजने से बचना चाहिए। इसके अलावा बच्चे या बडे जो भी संक्रमित हो उन्हें आइसोलेट कर देना चाहिए।

ये बीमारी हाथों के टच से जुड़ी हुई है, इसलिए बार-बार हाथ धोने चाहिए। अगर घर में किसी को आंखों में संक्रमण है तो उससे उचित दूरी बनाएं, काला चश्मा लगाएं। संक्रमित आंख में दवा डाले तो तुरन्त हाथ धोएं और संक्रमित भी लगातार अपने हाथ धोते रहें। संक्रमित से जुड़े कपड़े, तौलिया, बेडशीट और तकिया भी अलग ही रखें।

इसके इलाज के लिए चिकित्सक एंटीबायोटिक देते हैं जिससे मरीज को आराम मिलता है। यह संक्रमण एक से दो सप्ताह में स्वतः ही सही हो जाता है। हालांकि संक्रमण होने पर डॉक्टर्स की सलाह से ही इलाज करवाना चाहिए। स्वतः ही कोई दवा या स्ट्रायॅड का उपयोग नहीं करना चाहिए, इससे आंखों को नुकसान पहुंच सकता है।

> **इन दिनों मौसम में परिवर्तन के कारण आई फ्लू तेजी से फैल रहा है। यह संक्रमित को देखने या हवा से फैलने वाला संक्रमण नहीं है। ऐसे में संक्रमित से हाथ मिलाने या उसके यूज किए सामान को काम में लेने से बचना चाहिए। बच्चों के मामले में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।**
>
> डॉ. नगेन्द्र शेखावत वरिष्ठ आचार्य व नेत्र रोग विशेषज्ञ, एसएमएस अस्पताल जयपुर

> **आई फ्लू का वायरस इस बार म्यूटेंट होकर आया है। इसकी संक्रामकता की रफ्तार तेज है। हालांकि बीमारी दूसरे मरीज को देखने अथवा हवा से नहीं फैलती है। बल्कि मरीज अथवा उसकी वस्तु को छूने से फैल सकती है। ऐसे में ध्यान रखें संक्रमित मरीज को हो सके तो आइसोलाइट रखें।अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धो कर सुखा लें। संक्रमण होने पर आंखों को हल्के गर्म पानी से दिन में एक या दो बार ही धोएं। फ्लू होने की चपेट में आने पर उपचार में भी एक से दो सप्ताह तक का समय लग जाता है। जिन लोगों की इम्यूनिटी अच्छी होती है, वह कुछ-कुछ रोगियों में अपने आप ठीक भी हो जाता है। लेकिन संक्रमण के लक्षण नजर पर तुरंत उपचार ले लेना चाहिए।**
>
> डॉ. पंकज शर्मा विभागाध्यक्ष, ऑफ्थॉलमोलॉजी, एस.एम.एस. अस्पताल

## तकनीकी सहायक घूस लेते गिरफ्तार

**जयपुर**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की जयपुर नगर द्वितीय टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड नाहरी नाका शास्त्री नगर जयपुर के तकनीकी सहायक द्वितीय को परिवादी से 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी दुकान के विद्युत कनेक्शन लगाने की एवज में जेवीवीएनएल तकनीकी सहायक द्वितीय सरदार सिंह गुर्जर तीन हजार 500 रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी जयपुर नगर द्वितीय टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायक द्वितीय सरदार सिंह गुर्जर को 1 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपित सरदार सिंह ने शिकायत सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 1 हजार 500 रुपये की रिश्वत राशि के रूप वसूल कर लिए थे।